K19U 0316

Reg. No.: ....

Name: ....

GOVT. BRENNEN ... CENTRAL LIBRARY THALASSERY

II Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.(TTM)/B.B.A.(RTM)/B.T.T.M./B.B.M. Degree (CBCSS) (Reg./Supp./Imp.) Examination, April 2019
(2014 Admission Onwards)
COMMON COURSE IN HINDI
2A08 – 1 HIN : Sampreshaneey Hindi

Time : 3 Hours — Max. Marks : 40

I. **निर्देश :** कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(1×7=7)**

1) आधुनिक संचार माध्यमों के गुण–दोषों पर प्रकाश डालिए।

2) " पर्यावरण की सुरक्षा में छात्रों का योगदान " विषय पर एक निबंध तैयार कीजिए।

II. **निर्देश :** कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(1×7=7)**

3) पुरस्कार प्राप्त खिलाडी से भेंटवार्ता तैयार कीजिए।

4) संकेत बिन्दुओं के आधार पर कहानी लिखिए।

एक कंजूस – उसका सिद्धांत है, किसी भी हालत में पैसा न खर्च करना – सन्दूक भर सोने की मूहरें – रोज घर के दरवाजे तथा खिडकियों को बंद करना – मुहरों को गिनना और फिर उसी प्रकार रख देना – एक दिन दरवाजे बंद करना भूल गया – पडोसी ने संदूक के मोहरे ले लिए – संदूक कंकड–पत्थर से भर दिया। कंजूस कंकड देखकर खबरा गया – लोगों ने पूछा – तुम मुहरों को केवल गिनते हो, अब तुम इन कंकडों को गिन सकते हो।

III. **निर्देश :** किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए। **(3×3=9)**

5) हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

A leader is the servent of the people. We remember the story in which Christ found his followers quarrelling for leadership. Christ said : Let the man, who would be the servant of all be the leader of all. Some persons do great things for their personal benefit. A businessman

P.T.O.

works from morning till midnight. He make millions. Yet he is not a leader of men, because he, lives not for others, but for himself.

6) अंग्रेजी या मलयालम में अनुवाद कीजिए।

विश्व की जनसंख्या बढ़ती जा रही है। जनसंख्या की वृद्धि के साथ-साथ इतनी सारी जनता को जीने की सुविधायें प्रदान करना बड़ी समस्या बनती जा रही है। इस दिशा में नये-नये आविष्कार किए जा रहे हैं, वैज्ञानिक क्षेत्र में क्रान्ति हो रही है। इन सब के फलस्वरूप विश्व-मानव को लील जाने को उद्यत एक विकराल समस्या उठ खड़ी हुई है - पर्यावरण प्रदूषण की समस्या। स्वच्छ जल, स्वच्छ भोजन - आज के मानव के लिए ये सब चीजे दुर्लभ हो गई हैं।

7) आप छात्रावास में रहते हैं। आपके कॉलेज के छात्र दिल्ली के प्रवास पर जानेवाले हैं। आप भी इनके साथ जाना चाहते हैं। इसके लिए अनुमति माँगते हुए पिताजी के नाम पर एक पत्र लिखिए।

8) माल पहुँचाने में देरी होने पर मुंबई के आत्माराम कंपनी के नाम पर एक शिकायती पत्र लिखिए।

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(3×3=9)**

9) निम्नलिखित शब्दों के **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए।

1) संक्षेपण, सम्बद्ध, प्रबन्ध, बाकाया
2) औसत, आढ़त, क्षतिपूर्ति, सहकारी
3) निगम, मुद्रा, विक्रेता, विभाग
4) कटौती, सुपुर्दगी, प्रलेख, पृष्ठाँकन
5) स्थापना, विनिमय, अतिरिक्त, मिसिल
6) स्नातक, अवैध, निरीक्षक, श्रमिक

10) निम्नलिखित शब्दों का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए।

1) Advance, Bonus, Broker, Divident
2) Estimate, Export, Grant, Laison Officer
3) Godown, Nomination, Profitable, Revenue
4) Proportion, Record, Remuneration, Tax free
5) Transport, Voyage, Zodiac, Wage
6) Temporary, Tabulation, Sale, Loan.

11) बाज़ार में एक नया तेल आया है। निर्माताओं का दावा है कि बाल बढाने के लिए यह तेल उत्तम है। इसके लिए एक उचित पोस्टर तैयार कीजिए।

12) संक्षेपण कीजिए।

मनुष्य रूपी तलवार की धार असल में चरित्र है। अगर यह धार तीखी है, तब वह तलवार भले ही लोहे की हो, अपने काम में अधिक कारगर सिद्ध होती है। इसके विपरीत, यदि इस तलवार की धार मोटी है, भद्दी है, तब वह तलवार सोने की ही क्यों न हो, हमारे किसी काम की नहीं हो सकती। इसी प्रकार यदि किसी का चरित्र ही नष्ट हो गया हो, तब वह मनुष्य मुर्दे से भी बदतर है, क्यों कि मुर्दे तो किसी और मनुष्य का बुरा नहीं कर सकता है, पर एक चरित्र - भ्रष्ट मनुष्य अपने साथ रहनेवालों को भी अपने ही रास्ते पर ले जाकर अवनति एवं सत्यनाश के भयावने गड्ढे में ढकेल सकता है।

V. **निर्देश :** कम से कम **चार** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(8×1=8)**

13) संज्ञा क्या है ? मुख्य भेदों के नाम बताइए।

14) कारक किसे कहते हैं ? उसके मुख्य भेदों का उदाहरण दीजिए।

15) पुरुषवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं ? समझाइए।

16) संख्यावाचक विशेषण और परिमाण वाचक विशेषणों का अन्तर समझाइए।

17) सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया का सोदाहरण परिचय दीजिए।

18) 'हाथ मलना' मुहावरा का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

19) 'अमृत' शब्द का अनेकार्थक शब्द लिखिए।

20) 'बिजली' शब्द का एकार्थक शब्द लिखिए।

21) कल हम ने आपकी गाडी लौटाएँगे। (शुद्ध कीजिए)

22) मैं ने आज चिट्ठी लिख सका। (शुद्ध कीजिए)